अविरल
गंगा में प्लास्टिक अपशिष्ट
को कम करना

सार्वजनिक आयोजनों में अपशिष्ट प्रबंधन के लिए दिशा-निर्देश

इसके द्वारा संचालित: ALLIANCE TO END PLASTIC WASTE

इसके द्वारा कार्यान्वित: giz Deutsche Gesellschaft für Internationale Zusammenarbeit (GIZ) GmbH

इसके सहयोग में: UN environment programme, FAITH FOR EARTH, SAAHAS 'zero waste' solutions, WASTE WARRIORS

aviral_public_event_guidelines_Hindi.indd 1 02-06-2022 07:32:27 PM

द्वारा विकसित

Deutsche Gesellschaft für Internationale Zusammenarbeit (GIZ) GmbH

Dag-Hammarskjöld Weg 1-5
65760 Eschborn
Germany

Tel. +49 61 96 79-0

Fax +49 61 96 79-11 15

E-Mail: info@giz.de

www.giz.de

द्वारा समर्थित

Saahas NGO

#21, First Floor, MCHS Colony,
5th C Cross, 16th Main Rd, Stage 2, BTM Layout,
Bengaluru, Karnataka 560076

Waste Warriors Society

136/2/2 Shivam Vihar, Rajpur Rd, Jakhan,
Dehradun, Uttarakhand 248001

United Nations Environment Programme (UNEP) India

55, Lodhi Estate,
New Delhi 110003
India

Tel: +91-11-24628877

E-Mail: unepindia@un.org

www.unep.org

द्वारा संचालित

Alliance to End Plastic Waste

2 Science Park Drive #02-03/03
Ascent Building
Singapore 118222
Singapore

Tel. +65 8940 3985

यह आवश्यक नहीं है की इस प्रकाशन में व्यक्त किए गए विचार और राय इन दिशा निर्देशों को बनाने वाले लेखकों संस्थाओ या सरकारी अफसरों द्वारा कार्यान्वियन हेतु अपनाये गए रुख से सम्बन्ध रखते हो।

aviral_public_event_guidelines_Hindi.indd 2 02-06-2022 07:32:28 PM

अविरल
गंगा में प्लास्टिक अपशिष्ट
को कम करना

सार्वजनिक आयोजनों में अपशिष्ट प्रबंधन के लिए दिशा-निर्देश

इसके द्वारा संचालित: ALLIANCE TO END PLASTIC WASTE

इसके द्वारा कार्यान्वित: giz Deutsche Gesellschaft für Internationale Zusammenarbeit (GIZ) GmbH

इसके सहयोग में: UN environment programme, FAITH FOR EARTH, SAAHAS 'zero waste' solutions, WASTE WARRIORS

अविरल
गंगा में प्लास्टिक अपशिष्ट
को कम करना

सार्वजनिक आयोजनों में अपशिष्ट प्रबंधन के लिए दिशा-निर्देश

aviral_public_event_guidelines_Hindi.indd 4 02-06-2022 07:32:30 PM

सूची

भूमिका ii
परिचय 1
उद्देश्य 1
इन दिशा-निर्देशों को कैसे प्रयोग करे 2
योजना 3
वर्तमान आधारभूत संरचनाओं का आकलन 3
प्रतिभागियों की संख्या के आधार पर उत्सर्जित अपशिष्ट के प्रकार एवं उसकी मात्रा 3
स्टॉल धारक प्रबंधन 4
अपशिष्ट सम्बन्धी आधारभूत संरचना एवं कर्मचारियों हेतु व्यय 5
अंतिम गंतव्य /प्रसंस्करण इकाइयों की पहचान 6
ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के उप-नियमों के अंतर्गत आवश्यकताएँ 7
कार्यक्रमों में अपशिष्ट को कम करने के उपाय 8
प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण 9
अपशिष्ट पृथक्करण 10
अपशिष्ट प्रवाह 11
कूड़ेदानों की सफाई और अपशिष्ट का परिवहन 12
अपशिष्ट को एकत्रण क्षेत्र एवं अंतिम गंतव्यों/प्रसंस्करण केन्द्रों तक पहुँचाना 12
आपदा प्रबंधन 13
जागरूकता एवं सहयोग कार्यक्रम 14
भूमिका एवं जिम्मेदारी 15
कार्यक्रम आयोजक 15
विक्रेता और स्टॉलधारक 16
सफाई कर्मचारी 17
पर्यवेक्षक 17
गतिविधियों की संभावित समय सारिणी 18
क्या करें और क्या न करें 20
विक्रेता/ स्टॉलधारक 20
प्रतिभागी 20
स्वयंसेवक 21
सफाई कर्मचारी 21
आस्था-आधारित संगठन एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन 22
अपशिष्ट ऑडिट एवं आयोजनों से सीखना 25
अनुलग्नक 1- कूड़ेदानों एवं आवश्यक कर्मचारियों के लिए मान्य मानक 28
अनुलग्नक 2- आस्था, शास्त्र और अपशिष्ट प्रबंधन 30
सन्दर्भ 38

aviral_public_event_guidelines_Hindi.indd 5 02-06-2022 07:32:31 PM

भूमिका

अविरल - गंगा में प्लास्टिक अपशिष्ट को कम करने के लिए भारत में उत्तराखंड राज्य के दो गंगा शहरों हरिद्वार एवं ऋषिकेश में कार्यरत एक पायलट परियोजना है, जिसका उद्देश्य पर्यावरण में जाने वाले प्लास्टिक अपशिष्ट को कम करना है। यह परियोजना एलायंस टू एंड प्लास्टिक वेस्ट द्वारा वित्तीय सहायता प्राप्त है, जिसे अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के लिए कार्यरत जर्मन विकास एजेंसी - Deutsche Gesellschaft für Internationale Zusammenarbeit (GIZ) द्वारा साहस एन० जी० ओ० एवं वेस्ट वारियर्स सोसायटी के साथ मिलकर इन शहरों में कार्यान्वित किया जा रहा है। एशियाई महाद्वीप में समुद्री अपशिष्ट की समस्या का क्षेत्रीय स्तर पर समाधान करने हेतु संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) जापान द्वारा वित्तीय सहायता प्राप्त परियोजना काउंटर मिजर (CounterMEASURE) के द्वितीय चरण में गंगा और मेकांग जैसी प्रमुख प्रदूषित नदियों पर ध्यान केंद्रित कर काम कर रहा है। हरिद्वार नगर भी इस परियोजना के अंतर्गत कार्यान्वित किए जा रहे शहरों में से एक है, जिसमें विभिन्न गतिविधियों द्वारा समुद्री अपशिष्ट को बढ़ने से रोकने हेतु प्रयास किए जा रहे है।

हरिद्वार शहर में प्लास्टिक अपशिष्ट के प्रबंधन की चुनौतियों हेतु समान उद्देश्य एवं प्रयासों के अंतर्गत जनवरी 2021 में इन दोनों परियोजनाओं को आपस में सहयोग देने का प्रस्ताव रखा गया, जिससे परियोजना के दृष्टिकोण को संरेखित करने, साझा प्रक्रियाओं का लाभ उठाते हुए उन्हें बढ़ाने एवं धरातल स्तर पर प्रयासों पर और अधिक बल दिया जा सके।

सार्वजनिक आयोजनों में उत्पन्न अपशिष्ट के प्रबंधन के लिए ये दिशा-निर्देश साहस एन० जी० ओ० एवं वेस्ट वारियर्स सोसायटी द्वारा जी० आइ० जेड० के सुझावों को दृष्टिगत रखते हुए बनाए गए हैं। यूएनईपी द्वारा चलाई जा रही एक पहल "पृथ्वी के लिए आस्था" ने धार्मिक आस्था से जुड़े हुए अनेक शास्त्रों एवं देश भर में विभिन्न आस्था केंद्रों द्वारा अच्छी प्रथाओं में अपनाई जा रही अपशिष्ट प्रबंधन की परम्पराओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की।

भंडारा कार्यक्रम में अपशिष्ट पृथक्करण

aviral_public_event_guidelines_Hindi.indd 6 02-06-2022 07:32:32 PM

परिचय

किसी भी प्रकार का सार्वजनिक कार्यक्रम, अपशिष्ट उत्सर्जन की दृष्टि से स्वयं में विशिष्ट होता है, क्योंकि इस प्रकार के आयोजनों में उस कार्यक्रम की अस्थायी जनसंख्या एवं आगंतुकों द्वारा बहुत ही कम समय में काफी अधिक मात्रा में अपशिष्ट उत्पन्न किया जाता है। आमतौर पर ऐसे सार्वजनिक आयोजनों में उत्पन्न अपशिष्ट का उचित प्रकार से प्रबंधन नहीं किया जाता है, एवं कार्यक्रम स्थल और उसके आस पास लगे कूड़े के ढेर, कूड़े के जल्दी निपटान के लिए मिश्रित कूड़े को एकत्र किया जाना आदि आम दृश्य है। इससे न केवल पर्यावरण को हानि होती है, अपितु भारत सरकार द्वारा बनाये गए अपशिष्ट प्रबंधन के नियमों का भी उल्लंघन होता है। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 एवं उत्तराखंड राज्य में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन पर बने नगर विशेष उप-नियमों के अंतर्गत, यदि कोई भी व्यक्ति एक ऐसा कार्यक्रम आयोजित करता है, जिसमें 100 या उससे अधिक व्यक्तियों के आने का अनुमान है, तो उसके लिए यह सुनिश्चित करना भी आवश्यक है कि आयोजन स्थल पर उत्पन्न अपशिष्ट को उसके स्रोत पर ही अलग-अलग एकत्रित किया जाए तथा इस अलग किए हुए अपशिष्ट को स्थानीय निकाय द्वारा निर्धारित अपशिष्ट संग्रहकर्ता अथवा किसी अधिकृत एजेंसी को ही दिया जाए। अतः इन नियमों के अनुसार, कार्यक्रम आयोजक इन कार्यक्रमों में उत्पन्न अपशिष्ट के प्रबंधन के लिए जिम्मेदार है।

उपरोक्त नियमों को ध्यान में रखते हुए, इन दिशा-निर्देशों को कार्यक्रम आयोजकों की सहायता हेतु विकसित किया गया है, जिससे निकट भविष्य में आयोजित होने वाले किसी भी प्रकार के सार्वजनिक आयोजनों में उत्पन्न अपशिष्ट का एक प्रभावी ढंग से प्रबंधन किया जा सके। ये दिशा-निर्देश उत्सर्जित अपशिष्ट की मात्रा को कम करने, कार्यक्रमों में अपशिष्ट के उचित प्रबंधन की सुविधा के साथ-साथ, इससे संसाधनों की पुनः प्राप्ति को भी अपने निर्धारित चरणबद्ध तरीके से सुनिश्चित करने में सहयोग करेंगे।

उद्देश्य

1. सार्वजनिक आयोजनों में अपशिष्ट को स्रोत पर ही तीन श्रेणियों के अनुसार अलग-अलग करना।
2. सार्वजनिक आयोजनों के समय अर्थात एक सीमित स्थान में एक बड़ी अस्थायी आबादी द्वारा अधिक मात्रा में उत्पन्न अपशिष्ट को संभालने और उसे संसाधित करने के लिए।
3. अपशिष्ट को सतत एवं प्रभावी रूप से प्रबंधित करते हुए,अधिक से अधिक अपशिष्ट को लैंडफिल और डंप साइट में जाने से रोकने के लिए एवं अन्य तरीकों द्वारा उनसे उपयुक्त संसाधनों की प्राप्ति को सुनिश्चित करना।
4. सार्वजनिक आयोजनों में संसाधनों का कम से कम उपयोग (रिड्यूसिंग) एवं पुनः उपयोग (रियूजिंग) के अभ्यासों को बढ़ावा देना।
5. ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2016, प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 (संशोधन 2021), और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन पर बने नगर विशेष उप-नियमों का अनुपालन करने के लिए।
6. अपशिष्ट प्रबंधन पर जागरूकता फैलाने और व्यावहारिक तौर पर इसे अपनाने पर बल देने हेतु।

aviral_public_event_guidelines_Hindi.indd 1 02-06-2022 07:32:33 PM

इन दिशा-निर्देशों को कैसे प्रयोग करें

इन दिशा निर्देशों के उपयोगकर्ता को अपने कार्यक्रम/ आयोजन का सन्दर्भ लेते हुए पढ़ना चाहिए । इन्हे किसी विशेष कार्यक्रमों के अनुसार संशोधित कर प्रयोग में लाया जा सकता है । इन दिशा-निर्देशों को अलग-अलग चरणों में विभाजित किया गया है, जिन्हे अलग अलग रंगो से दर्शाया गया है। इनमे कार्यक्रम से पूर्व की जाने वाली , कार्यक्रम के दौरान एवं कार्यक्रम के पश्चात की जाने वाली गतिविधिया प्रमुख है । वे निम्न वर्णित है :

कार्यक्रम से पूर्व की जाने वाली गतिविधियां :

1. **आयोजन हेतु योजना:** इसके अंतर्गत अपशिष्ट संबंधित आधारभूत संरचना, एवं श्रम शक्ति के लिए मूल्यांकन, अपशिष्ट के प्रकार और उसकी मात्रा का आकलन और कार्यक्रम में उत्पन्न विभिन्न प्रकार के अपशिष्ट के संभावित अंतिम गंतव्य शामिल हैं।
2. **अपशिष्ट को कम करने के उपाय:** अपशिष्ट के प्रबंधन के सर्वोत्तम तरीकों में से एक, इसके उत्सर्जन को कम करना है। इन दिशा-निर्देशों का यह भाग ऐसे सार्वजनिक आयोजनों में अपशिष्ट को कम करने के लिए विभिन्न विकल्प सुझाता है।
3. **प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण:** यह भाग अपशिष्ट प्रबंधन के लिए काम कर रहे सफाई कर्मियों के लिए जरूरी प्रशिक्षण सामग्री एवं उनके प्रशिक्षण से संबंधित है।

कार्यक्रम के दौरान की जाने वाली गतिविधियां:

1. **अपशिष्ट का पृथक्करण एवं इसके पृथक्करण से लेकर निपटान तक का प्रवाह:** यह भाग कूड़ेदान में अपशिष्ट के पृथक्करण से लेकर, आयोजन परिसर में इसके एकत्रण एवं उसके बाद, उचित प्रसंस्करण सुविधाओं तक इसके गंतव्य के तरीकों पर प्रकाश डालता है।
2. **जागरूकता एवं सहभागिता सम्बन्धी गतिविधियाँ:** यह भाग उन जनसदस्यों और अन्य हितधारकों के बीच जागरूकता के स्तर को बढ़ाने से संबंधित है, जो अपशिष्ट की समस्या, विभिन्न प्रकार के अपशिष्ट के लिए अलग कूड़ेदान का उपयोग करते हैं तथा अपशिष्ट प्रबंधन के कार्यक्रम में शामिल होते है।

कार्यक्रम के बाद की जाने वाली गतिविधियां:

1. **अपशिष्ट के उचित प्रसंस्करण और इसके निपटान सुनिश्चित करना :** दिशा-निर्देशों का यह भाग आयोजन के उपरान्त परिसर में रह गए अपशिष्ट के उचित प्रबंधन पर बल देता है और उन संस्थाओं के साथ अनुसरण करता है, जिन्हें आयोजन द्वारा अपशिष्ट के प्रबंधन के लिए सुनिश्चित किया गया था।
2. **आयोजनों हेतु अपशिष्ट ऑडिट और अन्य सीख :** दिशा-निर्देशों का यह भाग विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों के आयोजन से मिली सीख और अपशिष्ट ऑडिट के प्रारूप से संबंधित है।

aviral_public_event_guidelines_Hindi.indd 2 02-06-2022 07:32:33 PM

योजना

वर्तमान आधारभूत संरचनाओं का आकलन

1. कृपया देखें कि क्या कूड़ेदान, एचडीपीई बैग, ट्रॉली/पुशकार्ट/वाहन, डिस्प्ले स्क्रीन (यदि कोई हो) जैसी बुनियादी सुविधाएं पहले से ही उपलब्ध हैं।
2. कृपया देखें कि सार्वजनिक कार्यक्रम में उत्पन्न हो रहे सभी प्रकार के अपशिष्ट के इकट्ठा करने के लिए जगह उपलब्ध है या नहीं। इस स्थान को अपशिष्ट प्रबंधन इकाई/एकत्रीकरण क्षेत्र कहा जाता है।
3. अपशिष्ट के परिवहन के लिए सभी विकल्पों का आकलन करें
   - › कृपया अपने पास उपलब्ध ट्रॉलियों/पुशकार्ट/वाहनों की संख्या (यदि कोई हो),और अलग किए गए अपशिष्ट के परिवहन के लिए उनकी क्षमता की जांच करें।
   - › कृपया जांचें कि क्या वे अपशिष्ट का परिवहन करने में सक्षम होंगे (i) समारोह में स्थापित किये गए डिब्बों से एकत्रीकरण क्षेत्र तक और/या (ii) अलग अलग प्रकार के अपशिष्ट के लिए एकत्रीकरण क्षेत्र से उनके अंतिम गंतव्य तक। किसी समारोह में उत्पन्न होने वाले अपशिष्ट से लेकर इसकी प्रक्रिया/ शहर में इसके अंतिम गंतव्य के चक्र को समझने के लिए कृपया 'अपशिष्ट प्रवाह' के अंतर्गत दिए गए वेस्ट फ्लो चार्ट का संदर्भ लें।

नोट: वर्तमान में उपलब्ध आधारभूत संरचनाओं की जांच से अतिरिक्त आवश्यकताओं को समझने में सहायता मिलेगी।

4. यदि आपके पास आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं है, तो कृपया ऐसी सेवाओं का पता लगाएं जो नगर निकाय और/या ऐसी सेवाओं के लिए सुविधा प्रदान करने वाले आपको प्रदान कर सकते है।

प्रतिभागियों की संख्या के आधार पर उत्सर्जित अपशिष्ट के प्रकार एवं उसकी मात्रा

1. प्रतिदिन कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रतिभागियों की संख्या का अनुमान लगाएं। यह एक RSVP (प्रतिउत्तर) विकल्प बनाकर या इसी प्रकार के पिछले किसी समारोह के बारे में उपलब्ध जानकारी के आधार पर किया जा सकता है।
2. समारोह के प्रकार के आधार पर वहां उत्सर्जित होने वाले विभिन्न अपशिष्टों की पहचान करें।

नोट: उदाहरण के लिए, एक धार्मिक आयोजन में फूलों के अपशिष्ट जैसा अधिक जैविक अपशिष्ट होगा जबकि एक व्यापार प्रदर्शनी में अधिकतम कार्डबोर्ड, प्लास्टिक या कागज का अपशिष्ट होगा।

aviral_public_event_guidelines_Hindi.indd 3 02-06-2022 07:32:33 PM

3. सार्वजनिक कार्यक्रम में उत्पन्न होने वाले अपशिष्ट की विशिष्ट श्रेणियां:
   - जैविक/गीला अपशिष्ट - खाद्य सम्बन्धी अपशिष्ट, फल और सब्जियां, फूल, और इसी प्रकार की वस्तुएं।
   - अजैविक / सूखा अपशिष्ट - कागज, प्लास्टिक, कांच, धातु, पैकेजिंग और लकड़ी की वस्तुएं।
   - घरेलू हानिकारक अपशिष्ट - उपयोग किये गए टिश्यू पेपर, सैनिटरी अपशिष्ट जैसे डायपर और सेनेटरी पैड, पट्टियाँ, दस्ताने और मास्क।
   - मिश्रित अपशिष्ट - सूखे/गीले/घरेलू हानिकारक अपशिष्ट का मिश्रण।

नोट: विभिन्न प्रकार के अपशिष्ट की पहचान करने से अलग अलग प्रकार के अपशिष्ट के पृथक्करण, संग्रह और प्रसंस्करण को सुनिश्चित करने में सहायता मिलेगी।

नोट: सही बिन का उपयोग करना और स्रोत पर ही अपशिष्ट को अलग रखना अत्यंत महत्वपूर्ण है। एक बार मिश्रित होने के बाद, इससे संसाधनों की पुनर्प्राप्ति नहीं की जा सकती है।

4. प्रतिभागियों द्वारा प्रतिदिन उत्पन्न होने वाले विभिन्न प्रकार के अपशिष्ट की मात्रा का अनुमान लगाएं।

   इसकी गणना निम्न प्रकार से की जा सकती है: प्रतिभागियों द्वारा उत्पन्न कुल अपशिष्ट = प्रतिभागियों की संख्या x एक प्रतिभागी द्वारा उत्पन्न अपशिष्ट की अनुमानित मात्रा (अर्थात [50 ग्राम-700 ग्राम)

प्रत्येक प्रतिभागी के द्वारा उत्सर्जित अपशिष्ट की मात्रा मुख्य रूप से कार्यक्रम में परोसे जाने वाले भोजन/उनकी संख्या, कार्यक्रम में उपयोग किए जाने वाले डिस्पोजेबल (जैसे डिस्पोजेबल कटलरी, डिब्बाबंद पीने का पानी आदि) और कार्यक्रम के दिनों की संख्या पर निर्भर करती है। यदि अपशिष्ट को कम करने के लिए कोई सुझाव लागू नहीं है, तो ऐसी स्थिति में निम्नलिखित सामान्य नियम पर विचार किया जा सकता है:

परोसे जाने वाले भोजन की संख्या	प्रत्येक प्रतिभागी द्वारा अपेक्षित अपशिष्ट मात्रा (प्रतिदिन)
कोई भोजन नहीं	50 ग्राम
1-2 बार भोजन	100 - 300 ग्राम
3 बार भोजन	310 - 450 ग्राम
4-5 बार भोजन	460 ग्राम - 700 ग्राम

स्टॉल धारक प्रबंधन

1. किसी भी सार्वजनिक कार्यक्रम में स्टॉल लगाने वाले विक्रेताओं यानी स्टॉलधारकों को आयोजक द्वारा मंजूरी दी जानी चाहिए। इससे आयोजन में स्टॉल धारकों की संख्या, प्रकार और उनके द्वारा उत्पन्न अपशिष्ट के प्रकार की पहचान करने में सहायता मिलेगी। उदाहरण के लिए, खाने पीने के स्टॉल अधिक जैविक (गीला) अपशिष्ट उत्पन्न करेंगे जबकि खेल सम्बन्धी स्टॉल केवल अजैविक (सूखा) अपशिष्ट उत्पन्न करेंगे।
2. यह पहले से निर्धारित किया जाना चाहिए कि स्टॉलों को स्थापित करने और हटाने से यदि कोई अपशिष्ट उत्पन्न होता है, तो उसका प्रबंधन स्वयं स्टॉलधारक या आयोजक द्वारा ही किया जाएगा।

aviral_public_event_guidelines_Hindi.indd 4 02-06-2022 07:32:33 PM

3. स्टालों की स्थापना और उन्हें हटाने के परिणामस्वरूप उत्पन्न होने वाले किसी भी अपशिष्ट को केवल निर्धारित अपशिष्ट एकत्रीकरण क्षेत्र में ही ठीक से निपटाया जाए ।
4. स्टालों का स्थान पूर्व निर्धारित होना चाहिए।

अपशिष्ट सम्बन्धी आधारभूत संरचना एवं कामगारों हेतु व्यय

1. आवश्यक कूड़ेदानों की संख्या की गणना निम्न आधार पर करें: (i) कूड़ेदान की क्षमता, (ii) कार्यक्रम/ समारोह में उत्पन्न अपशिष्ट की अनुमानित मात्रा तथा (iii) बार-बार कूड़ेदान को खाली करने की अवधि ।
2. आयोजन स्थल और एकत्रीकरण क्षेत्र, दोनों के लिए कूड़ेदान उपलब्ध होने चाहिए। **अनुलग्नक 1** में निर्धारित सांकेतिक संख्या के अनुसार किसी भी अप्रत्याशित परिस्थिति के लिए 20% अतिरिक्त कूड़ेदान / HDPE बैग उपलब्ध होने चाहिए।
3. छोटे वाहनों जैसे हाथगाड़ी / रेड़ा आदि की आवश्यकता की पहचान करें, जिनमें विभाजक (सेप्रेटर्स) लगे हों, जो कूड़ेदानों को खाली करने और अपशिष्ट को एकत्रीकरण स्थल तक ले जाने के लिए आवश्यक होते है। यदि अपशिष्ट को कूड़ेदान सहित ले जाया जाता है, तो उसके स्थान पर रखने के लिए एक अतिरिक्त कूड़ेदान की व्यवस्था हो।
4. निम्नलिखित जिम्मेदारियों के लिए व्यक्तियों की आवश्यकता होगी :
   - कूड़ेदानों में पृथक्करण सुनिश्चित करने एवं भरे हुए कूड़ेदानों को बदलने के लिए **अनुलग्नक 1** में निर्धारित संख्या के अनुसार।
   - कूड़ा उठाने और जगह को साफ रखने के लिए सफाई कर्मचारी।
   - प्रत्येक 10 सफाई कर्मचारियों के लिए, 1 सफाई पर्यवेक्षक की नियुक्ति ।
   - सफाई कर्मचारी अपशिष्ट संग्रह वाहनों के उपयोग से कूड़ेदानों को साफ करते हुए अपशिष्ट को अपशिष्ट एकत्रीकरण क्षेत्र में भी ले जा सकते हैं।
   - सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति हेतु एक सामान्य नियम का उपयोग किया जा सकता है, जिसमे प्रतिदिन आने वाले प्रत्येक पृथक्कृत 500 किलोग्राम अपशिष्ट के लिए 1 सफाई कर्मचारी तथा आने वाले मिश्रित अपशिष्ट के प्रत्येक 250 किलोग्राम के लिए 1 सफाई कर्मचारी की नियुक्ति एकत्रीकरण बिंदुओं पर की जा सकती है। वे सूखे अपशिष्ट को एकत्र करेंगे और यदि आवश्यक हो तो उसे आगे विभिन्न श्रेणियों में अलग भी करेंगे।
   - यदि समारोह पूरे दिन यानी 16-18 घंटे के लिए है, तो कृपया दूसरी शिफ्ट के लिए अतिरिक्त लोगों का एक समूह अवश्य नियुक्त करे। यहाँ प्रत्येक शिफ्ट से आशय 8 घंटे से है।

नोट: 1. यदि लोगों की कमी है, तो यह पहचानें और निर्धारित करें कि अधिकतम अपशिष्ट कहाँ उत्पन्न होगा, जैसे कि खाद्य स्टालों के पास, और उस क्षेत्र में अपशिष्ट का पृथक्करण सुनिश्चित करने के लिए सफाई कर्मचारियों को नियुक्त करें।

2. स्रोत पर अपशिष्ट को अलग-अलग रखने और सही कूड़ेदान एवं जागरूकता/IEC गतिविधियों को सुनिश्चित करने के लिए स्वयंसेवकों को नियुक्त किया जा सकता है।

aviral_public_event_guidelines_Hindi.indd 5 02-06-2022 07:32:33 PM

अंतिम गंतव्य /प्रसंस्करण इकाइयों की पहचान

1. कृपया समारोह में एकत्रित अपशिष्ट की विभिन्न प्रकारों के प्रसंस्करण/चक्रण के लिए आस पास नजदीकी प्रसंस्करण सुविधाओं की पहचान करें और उन्हें इस प्रक्रिया में सम्मिलित करें।

क्रमांक	अपशिष्ट का प्रकार	अंतिम गंतव्य /प्रसंस्करण इकाइयां
1.	गीला अपशिष्ट (जैविक)/ खाद्य सम्बन्धी अपशिष्ट	कम्पोस्टिंग यूनिट/बायोगैस प्लांट/सुअर पालन केंद्रों /गौशाला/ नगरीय प्रसंस्करण सुविधा
2.	सूखा अपशिष्ट (अजैविक)	कबाड़ व्यापारी/ अपशिष्ट बीनने वाले /MRF (मेटेरियल रिकवरी फैसिलिटी) / नगर में स्थित सूखे अपशिष्ट के प्रसंस्करण संयंत्र
3.	घरेलू हानिकारक अपशिष्ट	इनसिनिरेटर/नगर में स्थित सूखे अपशिष्ट के प्रसंस्करण संयंत्र
4.	मिश्रित अपशिष्ट (सूखे/गीले/घरेलू हानिकारक अपशिष्ट का मिश्रण)	नगर में स्थित सूखे अपशिष्ट के प्रसंस्करण संयंत्र/लैंडफिल

नोट: साफ़ पुनर्चक्रण योग्य सूखे अपशिष्ट को बेचकर भी कुछ अतिरिक्त धन प्राप्त हो सकता है।

घरेलू हानिकारक अपशिष्ट: आमतौर पर समारोह में उत्पन्न कुल अपशिष्ट का 10% से अधिक होने की सम्भावना नहीं है।

2. कृपया यह अवश्य देखे कि एकत्रित अपशिष्ट के एकत्रीकरण बिंदु से प्रसंस्करण सुविधाओं तक परिवहन के लिए कौन जिम्मेदार होगा, इसमें नगर निगम /नगरीय निकाय स्वयं अथवा उनके द्वारा अधिकृत कोई एजेंसी भी शामिल हो सकती है। ऐसी एजेंसी अलग/पृथक किए गए अपशिष्ट के प्रसंस्करण/अंतिम गंतव्यों के लिए उचित परिवहन के लिए जिम्मेदार होगी। इस प्रक्रिया में जीपीएस सक्षम वाहनों को वरीयता दी जानी चाहिए, जिससे कि अपशिष्ट की आवाजाही को ट्रैक किया जा सके।

3. बचे हुए अथवा अतिरिक्त भोजन के लिए, आयोजक/विक्रेता/स्टॉलधारक उन संगठनों के साथ भी गठबंधन कर सकते हैं, जो कि गरीब या जरूरतमंद लोगों के लिए भोजन उपलब्ध कराते हैं। बचे हुए भोजन को अलग से रखा जाना चाहिए तथा इस बात का ध्यान रखा जाए कि यह किसी भी अपशिष्ट के संपर्क में ना आए । यह सुनिश्चित करने के लिए कि भोजन खाने योग्य है, इन संगठनों द्वारा तय कार्यक्रम के अनुसार प्रतिदिन भोजन एकत्र करना चाहिए।

4. धार्मिक या अन्य प्रकार के समारोह में प्रसाद के रूप में चढ़ाये गए फूलों का पुनः उपयोग कर इनसे साबुन, अगरबत्ती, हर्बल रंग, सूखे फूल, इत्र आदि बनाए जा सकते है। उदाहरण के लिए गेंदे के फूलों का प्रयोग अगरबत्ती बनाने के लिए और गुलाब के फूल को गुलाबजल बनाने के लिए किया जा सकता है। इस हेतु शहर में स्थित किसी संस्था या स्वयंसेवी समूह आदि से संपर्क किया जा सकता है।

5. कुछ विशेष प्रकार के अपशिष्ट प्रकारों का प्रबंधन करने हेतु पुनर्चक्रण प्रक्रियाओं को अपनाया जाना चाहिए। जैसे कपड़े आदि के रूप में निकले अपशिष्ट से कपड़े के थैले, सजावट की वस्तुएं आदि बनायी जा सकती है। इसके अलावा पुराने प्लास्टिक बैनर का उपयोग टेबल या बेड बेस मैट, टेंट या छत सामग्री के रूप में किया जा सकता है।

6. सार्वजनिक आयोजनों में प्रयुक्त प्लास्टिक की बोतलों के प्रबंधन के लिए आयोजकों द्वारा 'बोतल/कंटेनर जमा कार्यक्रम' का क्रियान्वयन किया जा सकता है। यह उन बड़े आयोजनों के लिए प्रस्तावित है, जिनमें 3000 से अधिक व्यक्तियों की भागीदारी की अपेक्षा है।

aviral_public_event_guidelines_Hindi.indd 6 02-06-2022 07:32:34 PM

बोतल/कंटेनर जमा योजना की प्रक्रिया

प्रक्रिया चरण:

› एक उपभोक्ता जब प्लास्टिक/कांच की बोतल या एलुमिनियम के कैन / डिब्बे में कोई भी पेय पदार्थ खरीदता है, तो आयोजकों द्वारा उन्हें आयोजन स्थल पर स्थापित एक विशेष मशीन में उसे डालने के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए। इन मशीनों का पर्यवेक्षण करने वाले लोग उस उपभोक्ता को त्वरित कोई वित्तीय लाभ दे सकते है अथवा उनकी अगली खरीद पर कोई छूट प्रदान कर सकते है।

› इस प्रकार एकत्र की गयी बोतलों को रीसाइक्लिंग के लिए अन्य सहयोगियों को भेजा जाता है।

› इस मॉडल में अंतर्निहित वित्तीय प्रोत्साहन प्लास्टिक/कांच/एल्यूमीनियम आदि का पुन: उपयोग और पुनर्चक्रण के लिए अवसर प्रदान करता है।

ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के उप-नियमों के अंतर्गत आवश्यकताएँ

1. किसी कार्यक्रम में जिसमें 100 से अधिक लोगों के आने का अनुमान हो वहां कार्यक्रम के आयोजक को कार्यक्रम से लगभग 3 दिन पहले से स्थानीय प्राधिकरण से लिखित अनुमति ले लेनी चाहिए।
2. अपशिष्ट को अलग-अलग रखा जाना चाहिए और आयोजन परिसर से अपशिष्ट को ले जाने वाली एजेंसियों को भी इसी प्रकार अलग-अलग करके दिया जाना चाहिए।
3. ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के अंतर्गत, अपशिष्ट को अलग करने और सफाई सुनिश्चित करने में विफलता के परिणामस्वरूप कार्यक्रम के आयोजक पर कुछ आर्थिक दंड का भी प्रावधान है। उदाहरण के लिए, "उत्तराखंड राज्य के नगर-विशेष उप नियमों" के अंतर्गत इसमें विफल रहने पर आयोजकों पर 15000 रुपये तक का जुर्माना हो सकता है।

aviral_public_event_guidelines_Hindi.indd 7 02-06-2022 07:32:34 PM

कार्यक्रमों में अपशिष्ट को कम करने के उपाय

1. सभी एकल उपयोग वाली प्लास्टिक (सिंगल यूज़ प्लास्टिक) और डिस्पोजेबल जैसे टिशू पेपर, प्लास्टिक स्ट्रॉ, पेपर कप, प्लास्टिक प्लेट, चम्मच इत्यादि (जहां तक संभव हो) के उपयोग से बचें। यह उत्तराखंड राज्य के अंतर्गत प्लास्टिक प्रतिबंध के नियमों के अनुरूप है।
2. कृपया भोजन परोसने और पीने के लिए स्टील या अन्य पुन: प्रयोग किये जा सकने वाले बर्तन का उपयोग करें और डिस्पोजेबल के उपयोग से बचें।
3. यदि स्टील या पुन: प्रयोग वाली प्लेट, चम्मच इत्यादि संभव नहीं है, तो कृपया कम्पोस्टेबल अथवा जैविक (बायोडिग्रेडेबल) सामग्री जैसे खोई, बांस या पत्तियों से बने बर्तनों के विकल्पों का उपयोग करें।
4. समारोह स्थल पर उचित दूरी पर पानी के डिस्पेंसर रखे जिससे कि लोग पानी पीने या अपनी पानी की बोतलें फिर से भरने के लिए उपयोग कर सके। सभी प्रतिभागियों को अपनी बोतल लाने के लिए प्रोत्साहित करें।
5. पुन: उपयोग न की जा सकने वाले प्लास्टिक में पैक की गई वस्तुओं के बजाय ऐसे स्थानीय मिठाई, बिस्कुट या अन्य खाद्य पदार्थों का उपयोग करें जो कि पुन: प्रयोज्य कंटेनरों में पैक हो।
6. आयोजन में पुन: प्रयोग की जा सकने वाली सजावट के उपयोग को प्रोत्साहित करें और अन्य सजावट जैसे गुब्बारे, प्लास्टिक की सजावट, प्लास्टिक के फूल आदि के उपयोग से बचें।
7. ऐसे धार्मिक प्रसाद के उपयोग से बचें जिसमें प्लास्टिक सम्मिलित हो, जैसे प्लास्टिक की पन्नी में पैक किया हुआ प्रसाद ।
8. एक बार इस्तेमाल होने वाले प्लास्टिक/विनाइल फ्लेक्स बैनर के बजाय कपड़े के बैनर का इस्तेमाल करें।
9. प्रतिभागियों को पेपर टिकट के बजाय ई-टिकट/टिकट कोड दिए जाए।
10. विज्ञापनों, आमंत्रणों आदि के लिए पेपर फ़्लायर, पैम्फलेट आदि के उपयोग से बचें और विज्ञापन, आमंत्रण और आयोजन से संबंधित अन्य जानकारी के लिए पुन: प्रयोग की जाने वाली या डिजिटल सामग्री के उपयोग को प्रोत्साहित करें।
11. आयोजन परिसर में धूम्रपान को प्रतिबंधित करें या धूम्रपान करने वाले क्षेत्रों को निर्धारित करें जहां सिगरेट के बचे हुए बट्स के लिए कूड़ेदान रखे जाए।
12. कृपया किसी समारोह के लिए विशिष्ट अपशिष्ट को कम करने के अन्य तरीकों का भी आकलन करें।

नोट: यदि अपशिष्ट उत्पादन कम होता है, तो किसी भी आयोजन में प्रबंधन के लिए अपशिष्ट भी कम हो सकता है ।

aviral_public_event_guidelines_Hindi.indd 8 02-06-2022 07:32:34 PM

प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण

1. कृपया कार्यक्रम से पहले विक्रेताओं, सफाई कर्मचारियों, पर्यवेक्षकों, स्वयंसेवकों और अन्य हितधारकों के लिए अपशिष्ट प्रबंधन योजना के बारे में प्रशिक्षण सत्र आयोजित करें।
2. प्रशिक्षण में निम्नलिखित विषय सम्मिलित होने चाहिए :
   - अपशिष्ट के प्रकार तथा प्रत्येक प्रकार के अपशिष्ट के लिए अलग कूड़ेदान
   - अपशिष्ट के रख-रखाव और प्रबंधन के लिए आधारभूत आवश्यकताओं की खरीद एवं इस्तेमाल
   - कूड़ेदानों से अपशिष्ट एकत्रण केन्द्रों और उसके बाद अंतिम गंतव्यों तक अपशिष्ट की यात्रा
   - अलग- अलग अपशिष्ट के प्रकारों के अंतिम गंतव्यों का विवरण
   - डिब्बे की निकासी की आवृत्ति
   - पर्यवेक्षकों का विवरण, आवंटित क्षेत्र और अपशिष्ट प्रबंधन के संबंध में विशिष्ट जिम्मेदारियों का अवलोकन
   - प्रतिभागियों को कूड़ा न डालने और अपशिष्ट के लिए सही बिन का उपयोग सम्बन्धी मार्गदर्शन करने के लिए आवश्यक कौशल
   - एकल उपयोगी प्लास्टिक एवं डिस्पोजेबल्स का स्थायी समाधान
   - अपशिष्ट के रख-रखाव के दौरान व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण और स्वास्थ्य एवं सुरक्षा प्रोटोकॉल
   - अपशिष्ट प्रबंधन गतिविधियों का डेटा संग्रह और निगरानी

सैंपल प्रशिक्षण सामग्री यहाँ उपलब्ध है।

aviral_public_event_guidelines_Hindi.indd 9 02-06-2022 07:32:34 PM

अपशिष्ट पृथक्करण

1. ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 में इसके संशोधन के अंतर्गत स्रोत पर अपशिष्ट का उचित पृथक्करण आवश्यक है और प्रत्येक आयोजन में यह अनिवार्य होना चाहिए। प्रत्येक अलग प्रकार के अपशिष्ट के लिए ढक्कन या कवर के साथ अलग कूड़ेदान होने चाहिए जिनमें निम्नलिखित श्रेणी शामिल हैं:

   › गीला अपशिष्ट /जैविक/ खाद्य सम्बन्धी अपशिष्ट - हरा कूड़ेदान

   › सूखा अपशिष्ट /अजैविक - नीला कूड़ेदान/HDPE बैग

   › घरेलू हानिकारक अपशिष्ट - लाल कूड़ेदान

नोट: कृपया इन जानकारियों को अच्छे से समझने के लिए कूड़ेदानों के ऊपर अपशिष्ट के प्रकारों के उदाहरण दिखाते हुए चित्र/लेबल लगाएं। सूचना हेतु प्रयोग की गयी सभी वस्तुएं/चित्र या अन्य सामग्री का पुन: उपयोग किया जाना सुनिश्चित अवश्य करें।

उदाहरण के लिए, गीले अपशिष्ट के कूड़ेदान पर, आसानी से समझने के लिए पके हुए भोजन, फल आदि के चित्र लगाएं। कृपया इसे और अच्छे से समझने के लिए नीचे 'जागरूकता एवं सहभागिता सम्बन्धी गतिविधि' के अंतर्गत IEC सामग्री देखें।

एक कार्यक्रम में अपशिष्ट पृथक्करण

aviral_public_event_guidelines_Hindi.indd 10 02-06-2022 07:32:35 PM

अपशिष्ट प्रवाह

नीचे दिए गए चित्र में कूड़ेदानों में संग्रहित अपशिष्ट (अलग-अलग श्रेणी में एकत्रित) के प्रवाह को किसी आयोजन परिसर में उसके एकत्रीकरण केंद्र एवं इसके बाद, संसाधनों की पुनः प्राप्ति के लिए शहर के अंदर विभिन्न प्रसंस्करण स्थलों के मार्ग को दर्शाया गया है। बचे हुए भोजन को अलग से एकत्रित किया जाना चाहिए और इसे अन्य अपशिष्ट के संपर्क में लाये बिना सीधे उपयुक्त संगठनों को भेजा जाना चाहिए।

चित्र: अपशिष्ट का प्रवाह



aviral_public_event_guidelines_Hindi.indd 11 02-06-2022 07:32:36 PM

कूड़ेदानों की निकासी एवं अपशिष्ट का परिवहन

1. खाद्य स्टालों, मनोरंजन शो, शौचालय, पानी के डिस्पेंसर, प्रवेश और निकास बिंदु आदि जैसे प्रमुख गतिविधि क्षेत्रों को चिन्हित करें, जहां ज्यादा अपशिष्ट उत्पन्न होगा। ऐसे क्षेत्रों में और उनके पास अतिरिक्त कूड़ेदान रखें ताकि लोगों को अपशिष्ट को फेंकने के लिए ज्यादा दूर न जाना पड़े। कूड़ेदान और आवश्यक श्रम शक्ति के विवरण के लिए **अनुलग्नक 1** देखें।.
2. अपशिष्ट के उचित पृथक्करण को सुनिश्चित करने के लिए सफाई कर्मचारियों और/या स्वयंसेवकों को कूड़ेदानों पर नियुक्त रहना चाहिए। सफाई कर्मचारियों और पर्यवेक्षकों को आयोजन स्थल के विभिन्न क्षेत्रों में नामित किया जाना चाहिए और कर्मचारियों और पर्यवेक्षक से संपर्क करने का तरीका स्पष्ट रूप से बताया जाना चाहिए। कार्यक्रम शुरू होने से पहले सफाई कर्मचारी/स्वयंसेवकों को कूड़ेदानों पर नियुक्त किया जाना चाहिए।
3. सफाई कर्मचारियों या पर्यवेक्षकों को कूड़ेदानों को पूरा भर कर गिरने से बचाने के लिए समय-समय पर कूड़ेदानों को खाली करते रहना चाहिए। अप्रत्याशित रूप से कूड़ेदानों को खाली करने की सूचना कर्मचारियों और/या स्वयंसेवकों द्वारा निर्दिष्ट क्षेत्र के अपशिष्ट पर्यवेक्षक को दी जानी चाहिए।
4. दूरी के अनुसार अपशिष्ट को कूड़ेदानों से एकत्रण केन्द्रो तक हाथ-गाड़ी या साईकिल रिक्शा से ले जाया जाना चाहिए।
5. लोडर/हेल्पर द्वारा यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि अपशिष्ट की लोडिंग/अनलोडिंग के दौरान अपशिष्ट इधर उधर ना गिरे।
6. अपशिष्ट के नियंत्रण के समय सभी कर्मचारियों को व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण जैसे: दस्ताने, मास्क, जूते, और कोट/एप्रन का उपयोग करना चाहिए।

अपशिष्ट को एकत्रण क्षेत्र एवं अंतिम गंतव्यों/प्रसंस्करण केन्द्रों तक पहुँचाना

1. एकत्रीकरण क्षेत्र इतना बड़ा होना चाहिए कि कूड़ेदान से एकत्र किए गए अपशिष्ट को अलग-अलग श्रेणी के अनुसार एकत्र किया जा सके। यदि उत्पन्न होने वाला अनुमानित अपशिष्ट 500 किलोग्राम प्रति दिन है (जिसमें गीला अपशिष्ट हर दिन साफ किया जाएगा और सूखे अपशिष्ट को एकत्रीकरण क्षेत्र में दो दिनों से अधिक समय तक नहीं रखा जाएगा) के लिए 180-220 वर्ग फुट क्षेत्र को अपशिष्ट के एकत्रीकरण क्षेत्र के रूप में आवंटित किया जाना चाहिए ।
2. अपशिष्ट का एकत्रीकरण क्षेत्र आदर्श रूप से आयोजन परिसर के अन्दर या आस-पास होना चाहिए ।
3. वाहन को अपशिष्ट के एकत्रीकरण क्षेत्र पर अलग-अलग करके खाली किया जाना चाहिए । किसी भी प्रकार के मिश्रित अपशिष्ट को अलग कूड़ेदान में रखा जाना चाहिए।
4. विभिन्न प्रकार के अपशिष्ट के वजन करने के लिए एक तराजू होनी चाहिए। कर्मचारियों द्वारा प्रतिदिन एकत्र किए जाने वाले विभिन्न प्रकार के अपशिष्ट की मात्रा को रिकॉर्ड भी करना चाहिए।
5. अपशिष्ट को प्रसंस्करण के लिए अलग-अलग रूप में एकत्र किया जाना चाहिए।

aviral_public_event_guidelines_Hindi.indd 12 02-06-2022 07:32:36 PM

6. प्रत्येक दिन के अंत में सामान्यतः गीले और घरेलू हानिकारक अपशिष्ट का कम से कम एक बार संग्रह सुनिश्चित किया जाना चाहिए। यह आयोजन जितने दिनों तक चलेगा उसके अनुसार स्वच्छ सूखे अपशिष्ट को 2-3 दिनों या उससे ज्यादा दिनों के लिए एकत्र किया जा सकता है और उसके बाद, आगे की प्रक्रिया के लिए ले जाया जा सकता है।

7. अलग-अलग अपशिष्ट के प्रसंस्करण केन्द्रों/अंतिम गंतव्यों तक परिवहन की निगरानी अपशिष्ट पर्यवेक्षकों द्वारा किया जाना चाहिए।

8. कार्यक्रम आयोजक प्रसंस्करण केन्द्रों/अंतिम गंतव्यों से एक प्राप्ति-पत्र लेने के लिए जिम्मेदार है कि प्रसंस्करण के लिए अपशिष्ट प्राप्त किया गया है और/या प्रसंस्करण केन्द्रों/अंतिम गंतव्यों द्वारा अलग किए गए अपशिष्ट की प्राप्ति का कोई अन्य पर्याप्त प्रमाण प्रदान किया जाना चाहिए।

9. उत्पन्न अपशिष्ट की कुल मात्रा, पृथक्करण स्तर और संसाधित अपशिष्ट की मात्रा का आकलन करने के लिए कार्यक्रम के दौरान और अंत में अपशिष्ट का लेखा-जोखा तैयार किया जाना चाहिए।विक्रेताओं, स्टॉलधारक, सफाई कर्मचारियों, पर्यवेक्षकों, स्वयंसेवकों और यदि संभव हो तो प्रतिभागियों (कार्यक्रम के दौरान) से अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली पर प्रतिक्रिया ली जानी चाहिए। लेखा परीक्षा (ऑडिट) के निष्कर्ष भविष्य के सार्वजनिक आयोजनों के लिए अपशिष्ट प्रबंधन की योजना, प्रक्रियाओं और प्रणालियों में सहायता कर सकते हैं।

आपदा प्रबंधन

1. आयोजन में एक वैकल्पिक मार्ग योजना होनी चाहिए जिसमें आपदाओं या बड़ी दुर्घटनाओं के मामले में अपशिष्ट के परिवहन के लिए निकास मार्ग शामिल हों। वैकल्पिक मार्ग वही नहीं होना चाहिए जो प्रतिभागियों द्वारा उपयोग किया जाता है।

2. कार्यक्रम के आयोजकों के पास शहर और जिला स्तर पर आपात कालीन प्रतिक्रिया एजेंसियों के टेलीफोन नंबर और अन्य संपर्क विवरण होने चाहिए।

aviral_public_event_guidelines_Hindi.indd 13 02-06-2022 07:32:36 PM

जागरूकता एवं सहयोग गतिविधि

1. कार्यक्रम शुरू होने से पूर्व निर्देश , लेबल्स, डिस्प्ले स्क्रीन एवं अन्य सूचनात्मक सामग्री लगाएं।
2. मुख्य गतिविधि वाले स्थानों पर ऑडियो सन्देश लगातार चलाये जाये।
3. कार्यक्रम के निमंत्रण, कार्यक्रम के पहले और इसके दौरान महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश के लिए प्रासंगिक सोशल मीडिया चैनलों और आयोजन वेबसाइटों का उपयोग करना और यह प्रचार करना कि यह एक शून्य अपशिष्ट आयोजन (जीरो वेस्ट इवेंट) है। जीरो वेस्ट इवेंट का मतलब होगा डंप साइट/लैंडफिल में डाले जाने वाला अपशिष्ट कार्यक्रम में उत्पन्न कुल अपशिष्ट के 10% से कम है।
4. प्रतिभागियों को अपने स्वयं के कपड़े या अन्य प्रकार के बैग, पानी की बोतल इत्यादि लाने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए और इन संदेशों को आयोजन के निमंत्रण, टिकट और अन्य प्रचार में शामिल किया जाना चाहिए।
5. प्रतिभागियों को साथ जोड़ने और कार्यक्रम में नुक्कड़ नाटक और फ्लैश मॉब जैसी गतिविधियों में भाग लेने के लिए स्वयंसेवकों को साइनेज(संकेतक पट्टियां) प्रदान करें।
6. सभी सन्देश/दिशा निर्देश और गतिविधियाँ स्थानीय भाषा में होनी चाहिए।
7. आयोजन से पहले या टिकट जारी करने के साथ-साथ विभिन्न हितधारकों को अपशिष्ट प्रबंधन दिशा-निर्देश और प्रतिबंधित वस्तुओं की सूची डिजिटल रूप से भेजें।
8. नीचे दिए गए विषयों पर जागरूकता:
   - स्त्रोत पर ही पृथक्करण और सही कूड़ेदान का उपयोग
   - खुले में अपशिष्ट फेंकने पर प्रतिबन्ध
   - स्त्रोत पर ही पृथक्करण से संसाधनों की प्राप्ति
   - एकल उपयोग प्लास्टिक और/या डिस्पोजेबल्स का स्थायी विकल्प

अपशिष्ट प्रबंधन से संबंधित जागरूकता और जोड़ने के लिए उदाहरणार्थ सामग्री यहां उपलब्ध हैं।

नोट: यदि आयोजक के पास एक वर्ष में कई कार्यक्रम हैं तो एक समूह/एसोसिएशन/व्हाट्सएप समूह बनाये जहाँ इच्छुक स्वयंसेवकों को पंजीकृत किया जा सके। यह उन्हें आगामी कार्यक्रम के बारे में सूचित करने और उनके लिए कार्यक्रम के लिए पंजीकरण करने में मदद करेगा।

नोट: प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उन्हें प्रोत्साहित करें।

aviral_public_event_guidelines_Hindi.indd 14 02-06-2022 07:32:37 PM

भूमिका एवं जिम्मेदारी

कार्यक्रम आयोजक

1. इसी तरह के सार्वजनिक आयोजनों का मूल्यांकन करें और कार्यक्रम में अपशिष्ट प्रबंधन के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचे की पहचान करें।
2. नोडल ऑफिसर और/या नगर निकाय में अपशिष्ट की देखरेख करने वाले विभाग को सूचित करें और समझें कि यह और/या अधिकृत सेवा प्रदाता अपशिष्ट प्रबंधन में कैसे मदद कर सकता है।
3. इन दिशा-निर्देशों के अनुसार और लागू कानून के अनुसार अपशिष्ट प्रबंधन योजना तैयार करें।
4. विभिन्न हितधारकों की पहचान करें जो इस आयोजन का हिस्सा होंगे जैसे कि स्टॉलधारक, विक्रेता, ट्रांसपोर्टर, सफाई कर्मचारी और पर्यवेक्षक, अंतिम गंतव्य / प्रसंस्करण सुविधा केंद्र आदि।
5. स्टॉलधारक, विक्रेताओं, सफाई कर्मचारियों, पर्यवेक्षकों, स्वयंसेवकों और अन्य हितधारकों के लिए प्रशिक्षण का एक कार्यक्रम तैयार करें और सार्वजनिक कार्यक्रम से पहले इन प्रशिक्षण सत्रों को समय-समय पर आयोजित करें।
6. आयोजन मंडल के विभिन्न सदस्यों, स्टॉलधारक, विक्रेताओं, सफाई कर्मचारियों और पर्यवेक्षकों और अन्य हितधारकों की भूमिकाएं और जिम्मेदारियां तैयार करें।
7. अपशिष्ट उत्पादन को कम करने के उपायों और एकल उपयोग प्लास्टिक और डिस्पोजेबल के स्थायी विकल्पों का मूल्यांकन करें।
8. कूड़ेदान की निगरानी/प्रबंधन, आई० ई० सी०/IEC गतिविधियों में सहायता आदि के लिए स्वयंसेवकों को बुलाएं।
9. अपशिष्ट प्रबंधन योजना को क्रियान्वित करने के लिए आवश्यक आधारभूत संरचनाओं की खरीद।
10. सफाई कर्मचारियों और पर्यवेक्षकों सहित आवश्यक सहयोग हेतु व्यक्तियों को नियुक्त करें।
11. सुनिश्चित करें कि अपशिष्ट को संभालने वाले लोगों को व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण जैसे दस्ताने, मास्क, जूते और एप्रन / चौग़ा / कोट प्रदान किए जाते हैं और कर्मचारियों द्वारा उनका ठीक से उपयोग किया जाता है।
12. कूड़ेदान से एकत्रण क्षेत्र तक अपशिष्ट के संग्रहण के लिए एक समय सारणी तैयार करें और लागू करें एवं सुनिश्चित करें कि अपशिष्ट प्रबंधन गतिविधियों के लिए एक निगरानी प्रणाली उपलब्ध है।
13. अपशिष्ट को उचित प्रसंस्करण केन्द्रों में पैक कर भेजें और सुनिश्चित करें कि आयोजन में उत्पन्न कोई भी अपशिष्ट खुले स्थानों, सड़कों या जल निकायों में जलाया या फेंका नहीं जाता है।
14. जनता के बीच अपशिष्ट पृथक्करण, कूड़े-अपशिष्ट फ़ैलाने पर प्रतिबन्ध और संसाधन में बदलाव के बारे में जागरूकता पैदा करना।

aviral_public_event_guidelines_Hindi.indd 15 02-06-2022 07:32:37 PM

15. एकत्र किए गए प्रत्येक प्रकार के अपशिष्ट को अपशिष्ट डेटा संग्रह के लिए एकत्रण बिंदु (ओं) पर प्रतिदिन तौला जाना चाहिए।
16. कार्यक्रम के बाद कमियों की पहचान करने के लिए एक ऑडिट आयोजित करें, जो भविष्य के सार्वजनिक आयोजनों के अपशिष्ट प्रबंधन के लिए प्रक्रियाओं और प्रणालियों की योजना बनाने में सहायता करेगा।
17. अपशिष्ट प्रबंधन योजना पर स्टॉलधारकों, विक्रेताओं, प्रतिभागियों, सेवा प्रदाताओं, स्वयंसेवकों आदि से प्रतिक्रिया एकत्र करें।
18. किसी भी हितधारक द्वारा अपशिष्ट प्रबंधन दिशानिर्देशों का पालन न करने पर दंड के लिए नगर निकायों के साथ समन्वय करना।

विक्रेता और स्टॉलधारक

1. आयोजन के आयोजक द्वारा आवश्यक अपशिष्ट से संबंधित विवरण प्रदान करें।
2. कार्यक्रम के आयोजक द्वारा निर्धारित सभी प्रशिक्षणों में भाग लें।
3. आयोजक द्वारा दी गई समय-सीमा के भीतर स्टॉल को लगाने और हटाने से उत्पन्न अपशिष्ट का प्रबंधन करें और/या स्टॉल को लगाने और हटाने के परिणामस्वरूप अपशिष्ट के प्रबंधन के लिए प्रासंगिक शुल्क का भुगतान करें।
4. स्टॉल के भीतर और आसपास उत्पन्न होने वाले विभिन्न प्रकार के अपशिष्ट के लिए अलग-अलग कूड़ेदान रखें यानी गीला अपशिष्ट और सूखा अपशिष्ट स्टाल पर उत्पन्न और एकत्र किए गए अपशिष्ट को मिश्रित नहीं किया जाना चाहिए।
5. स्टॉल पर आने वाले लोगों द्वारा अपशिष्ट को अलग-अलग करना सुनिश्चित करें और स्टॉल के आसपास कूड़ा-करकट न हो।
6. एकल उपयोग प्लास्टिक या डिस्पोजेबल जैसी प्रतिबंधित वस्तुओं का उपयोग या वितरण न करें और सबंधित राज्य में प्लास्टिक प्रतिबंध का अनुपालन सुनिश्चित करें। टिकाऊ विकल्पों के उपयोग को प्रोत्साहित किया जाता है।
7. कार्यक्रम आयोजक द्वारा प्रदान किए गए अपशिष्ट प्रबंधन दिशानिर्देशों का पालन करें।
8. यदि स्टॉल में और उसके आस-पास कूड़ेदान भर जाते हैं तो कृपया क्षेत्र पर्यवेक्षक से संपर्क करें ताकि कूड़ेदानों को उनकी क्षमता से अधिक भरे जाने से बचा जा सके।

aviral_public_event_guidelines_Hindi.indd 16 02-06-2022 07:32:38 PM

सफाई कर्मचारी

1. प्रतिभागियों द्वारा अपशिष्ट को अलग-अलग करना सुनिश्चित करने के लिए स्वयंसेवकों की मदद से कूड़ेदान का प्रबंधन/पर्यवेक्षण करें।
2. लोगों द्वारा यहाँ-वहाँ फेंके जाने वाले किसी भी अपशिष्ट को एकत्र कर उपयुक्त कूड़ेदान में जमा करें।
3. अपशिष्ट के संग्रह और परिवहन के दौरान गिरा हुआ कोई भी अपशिष्ट उपयुक्त कूड़ेदान में जमा करें ।
4. अपशिष्ट को संभालते समय हमेशा दस्ताने, मास्क, जूते और एप्रन/चौग़ा/कोट पहनें।
5. पूरा भर जाने जाने पर कूड़ेदान को खाली करना सुनिश्चित करें।
6. मिश्रित अपशिष्ट को एकत्रण बिंदु पर एक अलग कूड़ेदान/स्किप/क्षेत्र में निकालें।
7. संबंधित अंतिम गंतव्यों/प्रसंस्करण केंद्र तक ले जाने के लिए गीले, सूखे, घरेलू हानिकारक अपशिष्ट और मिश्रित अपशिष्ट को अलग-अलग रखें।
8. यह सुनिश्चित करें कि लोडिंग और अनलोडिंग के दौरान अपशिष्ट का कोई रिसाव न हो अथवा इधर फैले ।

पर्यवेक्षक

1. अपशिष्ट के पृथक्करण के लिए कूड़ेदानों की जाँच करें। यदि कूड़ेदानों में कोई मिश्रित अपशिष्ट पाया जाता है तो सुधारात्मक कदम उठाए।
2. सफाई कर्मचारियों को किसी भी प्रकार की समस्या होने पर उनकी मदद करें।
3. यह सुनिश्चित करने के लिए समय पर ढंग से कूड़ेदान से अपशिष्ट की निकासी की निगरानी करें कि कूड़ेदान से अपशिष्ट बाहर नहीं गिर रहा है और कूड़ेदान से अपशिष्ट एकत्रण क्षेत्र तक अपशिष्ट के परिवहन की निगरानी करें।
4. सफाई कर्मचारियों, कार्यक्रम के आयोजक और अन्य हितधारकों के बीच समन्वय स्थापित करें।
5. स्रोत पृथक्करण और कूड़ेदान के उपयोग के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रतिभागियों से जुड़ें।
6. एकत्रण केंद्र पर एकत्रित अपशिष्ट को उतरवाने संबंधित प्रक्रियाओं की भी उचित निगरानी करें।
7. सफाई कर्मचारियों द्वारा अपशिष्ट के आगे पृथक्करण और मिश्रित अपशिष्ट को हटाने का पर्यवेक्षण करें।
8. विभिन्न प्रकार के अपशिष्ट के वजन की निगरानी करें और हर दिन अपशिष्ट डेटा रिकॉर्ड करें।
9. अंतिम गंतव्यों/प्रसंस्करण केन्द्रों द्वारा एकत्रण बिंदु से अपशिष्ट के समय पर संग्रह हेतु समन्वय स्थापित करें।

aviral_public_event_guidelines_Hindi.indd 17 02-06-2022 07:32:39 PM

गतिविधियों की संभावित समय सारिणी

समय	कार्यक्रम आयोजक के लिए गतिविधियाँ
कार्यक्रम से 6 महीने पूर्व	› अपशिष्ट प्रबंधन योजना तैयार करें। वैकल्पिक रूप से, अपशिष्ट प्रबंधन योजना तैयार करने और कार्यान्वित करने के लिए एक अपशिष्ट प्रबंधन एजेंसी से सहयोग लें। › 3R- रिड्यूस, रीयूज और रिसाइकिल का अनुसरण करके अपशिष्ट को कम करने पर ध्यान दें। › स्टालों, शो, आयोजनों, एकत्रण बिंदुओं, कूड़ेदानों आदि के क्षेत्रों के लिए कार्यक्रम परिसर का मानचित्रण करें।
कार्यक्रम से 6 से 5 महीने पूर्व	› प्रतिभागियों की संख्या और अपशिष्ट के प्रकार और मात्रा का आकलन। › आयोजन के लिए स्टॉलधारक और विक्रेताओं से बात करें और उनके द्वारा उत्पन्न अपशिष्ट के प्रकार और मात्रा का आकलन करें। › स्रोत से अंत तक अपशिष्ट प्रबंधन के लिए दिशा निर्देश और प्रक्रियाएं तैयार करें। पालन न करने पर नगर निकाय द्वारा निर्धारित दंड का उल्लेख करें।
कार्यक्रम से 5 से 4 महीने पूर्व	› सभी आवश्यक आधारभूत संरचना की प्राप्ति के लिए सहयोगियों की पहचान और गठबंधन करें। › आवश्यक कर्मचारियों का आकलन एवं व्यवस्था करें। › उत्पन्न अपशिष्ट के प्रकार और मात्रा के अनुसार अंतिम गंतव्यों की पहचान करें और उन्हें अपने साथ जोड़ें।
कार्यक्रम से 4 से 3 महीने पूर्व	› प्रतिबंधित एवं अनुमति प्राप्त वस्तुओं की पहचान करें › हितधारकों के साथ परिचय बैठक आयोजित करें और इसके बारे में सूचित करें: - प्रतिबंधित और अनुमत सामग्री। - भूमिका और जिम्मेदारियां। - बुनियादी ढांचे और स्टालों की स्थापना के लिए समय सीमा। - आई० ई० सी०/IEC गतिविधियों के प्रकारों पर चर्चा करें। - अनुपालन के लिए प्रोत्साहन और गैर-अनुपालन के लिए दंड।
कार्यक्रम से 3 से 1 महीने पूर्व	› प्रारंभिक बैठक पर अनुवर्ती (आगे की) कार्यवाही के लिए सभी हितधारकों के लिए एक व्यावहारिक प्रशिक्षण सत्र आयोजित करें। › कार्यक्रम को सोशल मीडिया और इवेंट वेबसाइट के माध्यम से शून्य अपशिष्ट कार्यक्रम के रूप में प्रचारित करें। › सोशल मीडिया और इवेंट वेबसाइटों पर प्रतिभागियों के क्या करें और क्या न करें, को प्रकाशित करें। पालन न करने पर दंड का उल्लेख कीजिए। › स्वयंसेवकों को बुलाएं और भूमिकाओं और जिम्मेदारियों को उन्हें बताएं । › कार्यक्रम के दौरान आई०ई०सी०/IEC गतिविधियों का निर्धारण एवं योजना बनायें।

aviral_public_event_guidelines_Hindi.indd 18 02-06-2022 07:32:39 PM

समय	कार्यक्रम आयोजक के लिए गतिविधियाँ
कार्यक्रम से 2 हफ़्तों से 1 दिन पूर्व	› आधारभूत संरचना स्थापित करें। › कर्मचारियों और स्वयंसेवकों और उनकी शिफ्ट को अंतिम रूप दें। › स्टॉलधारक स्टॉल लगाने का कार्य पूरा करें। › आयोजन शुरू होने से पहले उत्पन्न अपशिष्ट को हटाया जाएगा और प्रसंस्करण सुविधाओं को भेजा जाएगा।
कार्यक्रम के दिन	› पूर्व-निर्धारित आई० ई० सी०/IEC गतिविधियों को लागू करें। › हितधारक अपनी भूमिका और दायित्वों का निर्वाह करें। › बचा हुआ भोजन, गरीबों को खिलाने के लिए संगठन (ओं) को भेजा जाये या उनके द्वारा एकत्र किया जाए। › अपशिष्ट को एकत्र कर उचित प्रसंस्करण सुविधा केन्द्रों को भेजा जाए।
कार्यक्रम से 2 दिनों के अन्दर	› स्टॉलधारक स्टॉल हटायेंगे। अन्य निर्माण को हटाया जाना चाहिए। › स्टाल हटाने के दौरान उत्पन्न अपशिष्ट को हटाकर प्रसंस्करण सुविधाओं में भेजा जाएगा। › किसी भी शेष अपशिष्ट को उचित प्रसंस्करण सुविधाओं के लिए भेजा जाना चाहिए।
कार्यक्रम से 1 हफ्ते बाद	› स्टॉलधारक , विक्रेताओं, स्वयंसेवकों, उपस्थित लोगों और कर्मचारियों से प्रतिक्रिया एकत्र करें। कमियों की पहचान करें। › हर दिन दर्ज किए गए अपशिष्ट डेटा को मिलाएं। › परिणामों का मूल्यांकन करें। › विचार करें कि किन गतिविधियों ने काम किया और किन गतिविधियों ने काम नहीं किया। › अगले कार्यक्रम के लिए सुझाव तैयार करें। › पर्यावरणीय प्रभाव को बढ़ावा देना।

उपरोक्त कार्यक्रम को इस आधार पर बदला जा सकता है कि कार्यक्रम छोटा है या आवृत्ति अधिक है।

लेकिन कार्यक्रम की योजना पहले से बनाना महत्वपूर्ण है।

aviral_public_event_guidelines_Hindi.indd 19 02-06-2022 07:32:39 PM

क्या करें और क्या न करें

विक्रेता/ स्टालधारक

क्या करें	क्या न करें
स्टॉल लगाने और हटाने से निकलने वाले अपशिष्ट को अलग रखा जाएगा।	स्टाल में और उसके आसपास अपशिष्ट फेंकना एवं कूड़ा डालना।
